सोशल आडिट निदेशालय

(उ0प्र0 सोशल आडिट संगठन के अधीन)
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 554/सो.आ.नि.–318(III)/2018
दिनाँकः 23 जनवरी, 2019

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
(गाजियाबाद एवं गौतमबुद्धनगर को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

विषयः **सोशल आडिट टीमों का पैनल तैयार किया जाना।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस निदेशालय के पत्र संख्या–513/सो0आ0नि0–318(III)/2019 दिनांक 09 जनवरी, 2019 एवं 544/सो0आ0नि0–318(III)/2019 दिनांक 18 जनवरी, 2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा सोशल आडिट टीमों के गठन के सम्बन्ध में समुचित दिशा–निर्देश निर्गत किए गए हैं।

2– उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 22–01–2019 को जिला विकास अधिकारियों के साथ हुई **Video Conferencing** के दौरान जिला विकास अधिकारियों द्वारा अनुरोध किया गया कि सोशल आडिट टीमों का पैनल तैयार करने हेतु और समय दिया जाना उपयुक्त होगा।

अतः सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि सोशल आडिट टीमों के पैनल तैयार किए जाने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि **31 जनवरी, 2019** तक बढ़ा दी जाए। तत्क्रम में निम्नवत प्रारूप पर विज्ञप्ति का प्रकाशन कराया जाना हैः–

....

कार्यालय जिलाधिकारी, जनपद..................................

सोशल आडिट टीमों के गठन हेतु विज्ञप्ति

(उ0प्र0 सोशल आडिट संगठन, (पंजीकृत सोसाइटी) के अधीन)

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए सोशल आडिट टीमों के गठन हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक .... के कम में सोशल आडिट टीम के सदस्य के रूप में पैनल पर नामित होने के इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना आवेदन–पत्र जिला विकास अधिकारी कार्यालय में **दिनांक 31 जनवरी, 2019** तक प्राप्त करा सकते हैं। शेष शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

जिलाधिकारी,

....

....

अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार सोशल आडिट टीमों के पैनल तैयार किए जाने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन–पत्र प्राप्त करने की अन्तिम **तिथि 31 जनवरी, 2019** तक बढ़ाने हेतु विज्ञप्ति का प्रकाशन अधिकतम 4×6 से0मी0 (लम्बाई×चौड़ाई) साइज में सूचना विभाग की दरों पर अपने जनपद के पूर्व में प्रकाशित समाचार पत्रों में प्रकाशित कराते हुए दिनांक 11 फरवरी, 2019 तक टीमों के गठन की कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(कु0 रेखा गुप्ता)
निदेशक।
o/c

प्रतिलिपि :–
निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, अनुभाग–7, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2– समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3– समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4– समस्त जिला विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

24/1/19

(कु0 रेखा गुप्ता)
निदेशक।
o/c